Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# आलवेदर रोड के उद्घाटन पर खलल पड़ने के बने आसार

## अब एनएच के और आगे पंद्रह दिनों तक बंद रहने के हालात खड़े हुए

**संशय**

घटना के बाद चेते एनएच के अधिकारी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। पिथौरागढ़ टनकपुर आलवेदर सडक के शुभारम्भ को लेकर अब संशय मंडराने लगा है। बता दें कि जहां एक ओर नौ नंवबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर एनएच सडक के उदघाटन को लेकर तैयारियां कर रहा है। वही एनएच के द्वारा कहा जा रहा है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सड़क का शुभारम्भ करेगे। वही यह उदघाटन अब लटक सकता है।

जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को तीन सदस्यीय कमेटी ने सड़क की स्थिति देखते हुए अब इस सड़क को आगे पंद्रह दिनों के लिए बंद करने की सिफारिश कर डाली है। बता दें कि बीते सोमवार को चट्टान टूटने से एक कैंटर मलबे में दब गया।




वही मौके पर कैंटर के चालक और परिचालक की मौके पर मौत हो गई। वही अब घटना के दो दिन बाद चेते एनएच के अधिकारियों ने माना है कि अभी भी यहां पर आधा दर्जन स्थल में खासा खतरा बना हुआ है। आनन–फानन में एनएच के अधिकारियों ने जिलाधिकारी से गुहार करते हुए जिलाधिकारी डां विजय कुमार जोगदडे से इलाके में जायजा लेने का आग्रह करते हुए उनसे निरीक्षण कराने के साथ एनएच को आगामी पंद्रह दिनों के लिए फिर से आंशिक तौर पर बंद करने की मांग उठायी है।

देर सांय जिलाधिकारी ने निरीक्षण में पाया कि इसका निर्णय स्वंय जिलाधिकारी व कमेटी में शामिल लोगों को वे स्वंय बतायेगे। जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि कटिग के बाद कमजोर पडी चट्टानों को अविलंब हटाया जाय।

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एनएच का पुरजोर प्रबंध करने होगे। ऐसे हालातों में अब जहां राज्य स्थापना दिवस के दिन केन्द्रीय परिवहन मंत्री इस सड़क का उदघाटन करने वाले है यह तो अब टलने की पूरी स्थिति में नजर आने लगा है।

वही एनएच के बंद होने से अब दीप पर्व पर जहां नंवबर में लोग अपने घरों में वापसी करने की सोच रहे है उनको आमतौर पर खासी दिक्कतों से दो चार होना पड़ेगा। मार्ग बंद हुआ तो लोगों को ऐसे में रूट बदलकर ज्यादा खर्चा कर बाया थल होते हुए घरों को आना पड़ेगा।

## न्यूज डायरी

### किशोरी से छेड़छाड़ मामले में पांच साल की सजा

**संवाददाता** हरिद्वार। नाबालिग लड़की पर गलत नीयत से हमला व छेड़छाड़ के मामलें में विशेष जज पॉक्सो कोर्ट अंजलि नोनियाल ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की कठोर कैद और 25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता आदेश चौहान ने बताया कि 22 जुलाई 2018 की रात कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में एक आठ वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान आरोपी घर का दरवाजा खोलकर अंदर घुस आया था। जहां पीड़ित बच्ची से छेड़छाड़ व शारिरिक हमला कर चोटिल कर दिया था। शोर मचाने पर मौके पर पड़ोसी पहुंच गए थे। भीड़ को देखकर आरोपी वहां से भागने का प्रयास करने लगा था। जिस पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया था।

### आश्रय का अनुपम उदाहरण बनेगा हरिहर कन्हैया कृपा धामः बाबा रामदेव

**संवाददाता** हरिद्वार। योगगुरू स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि संत महापुरूषों की उपस्थित से प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। भूपतवाला स्थित जसविन्दर एन्कलेव में नवनिर्मित हरिहर कन्हैया कृपा धाम का लोकापर्ण करने के दौरान बाबा रामदेव ने कहा कि तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रय का निर्माण तथा जल सेवा उपलब्ध कराने से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य कार्य नहीं है। म.मं स्वामी जगदीशदास उदासीन की प्रेरणा से दिल्ली निवासी भटनागर परिवार, फरीदाबाद के सोलंकी परिवार एवं जगाधरी के हरजाई परिवार व अन्य भक्तों के सहयोग से निर्मित हरिहर कन्हैया कृपा धाम आश्रय व सेवा का अनुपम उदाहरण पेश करेगा।

### हुंडई एक्स एमटीवी साउंड ट्रिपिन ने सिंगर कंपोजर अंकुर तिवारी के साथ की भव्य वापसी

**संवाददाता** देहरादून। रिकॉर्डिंग स्टूडियो की दीवारों से बाहर और स्वरों की उत्कृष्ट तानों से हटकर भी एक संगीत होता है, जो अपूर्णताओं के साथ तीव्र ध्वनि व अप्रशिक्षित आवाज के साथ गाया जाता है। इत्तफाक के साथ गाया जाने वाला यह संगीत लोगों व स्थानों को ऐसे अनेक तरीकों से जोड़ता है, जिसकी कल्पना कोई नहीं कर सकता। ऐसी अनसुनी, सांसारिक आवाजों को पहचान देने के लिए भारत का नंबर 1 युवा एंटरटेनमेंट ब्रांड, एमटीवी अपनी लोकप्रिय प्रॉपर्टी, हुंडई एक्स एमटीवी साउंड ट्रिपिन के साथ वापस आया है। 7 सालों के अंतराल के बाद इस शो के तीसरे सीजन में गली ब्वॉय फेम के कंपोजर, म्यूजिक सुपरवाईजर और सिंगर अंकुर तिवारी एमटीवी पर 30 अक्टूबर, शुक्रवार, शाम 7 बजे से भारत के सफर पर निकलेंगे और नई व अनजानी आवाजों की तलाश करेंगे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने नरेश बंसल को दी बधाई



**संवाददाता** देहरादून। भाजपा की वरिष्ठ नेता नरेश बंसल को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर महिला मोर्चा ने राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। वहीं उत्तराखंड महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रितु खंडूरी के नेतृत्व में मोर्चा के अनेक सदस्यों ने नरेश बंसल को बधाई एवं शुभकामनाएं देने उनके आवास पर पहुंची। रितु खंडूरी भूषण ने नरेश बंसल को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए राज्यसभा में उनकी सफलता की कामना की है कि वह अपन सदन में राज्य के गौरव को बढ़ाएंगे। स्मरण रहे कि नरेश बंसल अपनी तरुण अवस्था से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे और असीम श्रद्धा के साथ उन्होंने संघ की सेवा की राज्यसभा में उत्तराखंड से स्थान रिक्त होने पर भाजपा हाईकमान ने नरेश बंसल का चयन कर अपर सदन में उनका विजय मार्ग प्रशस्त कर दिया।

## समाजवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर मांगा इस्तीफा

**संवाददाता** हल्द्वानी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर खलबली मच गई है सर्द गुनगुने मौसम में भी राजनीतिक गलियारे गरमाए हुए है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश में विपक्ष को बैठे–बिठाए बटेर हाथ लग गई है पूरे प्रदेश में आज कांग्रेस सपा बसपा आप और उक्रांद ने जगह–जगह मुख्यमंत्री के पुतले फूंक कर अपना विरोध दर्ज कर नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की है वही समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. सत्य नारायण सचान ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर जमकर निशाना साधा और कहा कि तत्काल प्रभाव से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

हल्द्वानी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा मुकदमा दायर कर सीबीआई जांच किए जाने के निर्देश दिये गये है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को

भ्रष्टाचार के मामले हुए हैं सब की निष्पक्ष जांच हो

तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और राज्य की कैबिनेट ने भी यह निर्णय लेना चाहिए कि यह राज्य बनने से लेकर अब तक जितने भ्रष्टाचार के मामले हुए हैं सब की निष्पक्ष जांच हो।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लंबे समय से इस बात को उठाते आ रही है कि इस राज्य में जिस जिस दल ने सत्ता पर राज किया उन सभी दलों और उनकी सरकारों ने उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की मिनी प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल किया पहले भाटी आयोग बना और फिर त्रिपाठी आयोग बना लेकिन किसी भी सरकार की कोई घोटाले उजागर नहीं हुए। वहीं दूसरी ओर कुमाऊं के अधिकांश नगरों में कांग्रेस और आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीएम का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की है।

## आसमान छूते दामों ने लोगों के भोजन की थाली का स्वाद खट्टा कर दिया

**संवाददाता**

पुरोला। पहाडी बाजारों में भी सब्जियों व फलों के आसमान छूते दामों ने लोगों के भोजन की थाली का स्वाद खट्टा कर दिया है। सब्जी की दुकानों रेहडियों पर कोई भी सब्जी 60 रूपये से कम नहीं है जबकि सेब,अमरूद व केला फलों का स्वाद तो आम गरीब आदमी के बुते से बाहर हो गया है।

पहाड़ों में जंहा एक तरफ कोरोना से ठप पड़े व्यवसाय,कारोबार से आर्थिक तंगी दूसरी ओर खाने की थाली में पौष्टिकता बढ़ाने वाली सब्जियां–फल के दामो का आसमान छूना किसी मुसीबत से कम नही। रामासिरांई, कमल सिराईं के मुख्य बाजार में दो दर्जन से अधिक सब्जी व फल की दुकानें हैं।

मंडियों के रेट की सूची टांगने के निर्देश दिए जाएंगेः जिलाधिकारी

सितंबर तक जहां बाजार में राई,आलू बरसाती मटर फ्रांसबीन व मीठा करेला,कदू व लोकी आदि स्थानीय सब्जियां बाजारों में आकर सस्ते दाम पर मिल जाती था वही अक्टूबर–नवंबर में क्षेत्र में सर्दियां शुरू होने व पाला गिरनें से स्थानीय सब्जियां तकरीबन समाप्त हो जाती है वही कोल्ड स्टोरों की सब्जी बाजारों में आने से भारी महंगी हो जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता राजपाल सिंह,पंवार,देवी प्रसाद बिजल्वाण,दौलतराम बडोनी,नवीन गैरोला आदि का कहना है कि सब्जियों–फलों के बढ़ते हुए दामों से हर एक व्यक्ति प्रभावित है,बताया कि मौसम कोई भी हो पुरोला में हमेशा सब्जी व फलों के भाव मंडी के दामों से दुगने–तीन मनमाने होते हैं जबकि स्थानीय प्रशासन से भी कईबार शिकायत करनें के बावजूद सब्जी फलों के भाव पर कोई नियंत्रण नहीं होता।

उधर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि सब्जी व फलों के मनमाने दरों पर बेचने के संबंध में शिकायतें मिल रही हैं। व्यापार मंडल व सब्जी–फल विक्रेताओं की बैठक बुलाकर दुकान के आगे सब्जियों के भाव के प्रति दिन के मंडियों के रेट की सूची टांगने के निर्देश दिए जाएंगे।

### भारतीय ब्रांड दाईवा ने 'मेक इन इंडिया' अल्ट्रा 4के स्मार्ट टीवी लॉन्च करने की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। अपने देश में विकसित भारतीय ब्रैंड, दाईवा, ने भारत में मेक इन इंडिया 4के (नॉर्मल एचडी टीवी से चार गुना रिजोल्यूशन वाले) टीवी की रेंज का विस्तार किया है। ब्रैंड ने 49 और 55 इंच में 4के अल्ट्रा एचडी स्मार्ट टीवी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह टीवी एंड्रॉयड 9.0, डीबीएक्स–टीवी ऑडियो सपोर्ट और 2 साल की वॉरंटी' के साथ मिलता है। 49 इंच के मेड इन इंडिया टीवी का दाम 34,999 रुपये रखा गया है, जबकि 55 इंच सेमी की कीमत 39,999 रुपये हैं। अल्ट्रा 4के टीवी डीबीएक्स–टीवी ऑडियो, ए प्लस ग्रेड पैनल और क्वांटम ल्यूमिनिट टेक्नॉलॉजी के साथ आता है। यह 1.07 बिलियन कलर्स के साथ आते हैं। आधुनिक तकनीक से इस टीवी में आपको बेहतरीन और साफ पिक्चर देखने को मिलती है। बेहतरीन और विस्तृत रंग संयोजन के साथ एचडीआर डिस्प्ले की मदद से टीवी पर चटकीले और चमकदार रंग बिखरते हैं, जो जबर्दस्त कॉन्ट्रास्ट रेशियो प्रदान करते हैं।